प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सेवाएं,
उ0प्र0।

पत्र सं0–25 / COVID-19/ NP / 2020–21 / 50 दिनांक 14/04/2020

विषय– नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) की रोकथाम एवं बचाव हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, भारत सरकार के D.o.No V.14013/01/2020-B (NHM) Part V Dated 07.04.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से नोवेल कोरोना वायरस (कोविड–19) की रोकथाम एवं बचाव के लिए वर्ष 2020–21 में व्यय किये जाने के सम्बन्ध में फेज–1 के अन्तर्गत (माह जून, 2020 तक) विभिन्न गतिविधियों (यथा निम्नलिखित 1, 2, 3, 4 एंव 5) हेतु धनराशि रू0 236.40 करोड़ उपलब्ध कराई गई है–

1. Development of dedicated COVID Hospitals and other hospitals.
2. Procurement of PPE, N95 masks etc.
3. Strengthening of identified laboratories and expansion of diagnostic laboratories.
4. Outreach survey and community surveillance activities.
5. Disinfection of all hospitals, public utilities & ambulances etc.

तत्क्रम में प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निम्नलिखित मुख्य गतिविधियों हेतु सुसंगत प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है:–

1. राज्य / जनपद स्तर पर कोविड–19 की रोकथाम एवं बचाव हेतु आवश्यक सर्विलेन्स की गतिविधियों पर होने वाले व्यय की अनुमानित धनराशि।
2. कोविड–19 के लिए जनपद स्तर पर चिन्हित ऐसे चिकित्सालय जिनका उपयोग निकट भविष्य में कोविड–19 के मरीजों के उपचार हेतु आवश्यकता पड़ सकती है, उनका आंकलन कर आवश्यकतानुसार साधन सम्पन्न किये जाने पर होने वाले व्यय की अनुमानित धनराशि।
3. कोविड–19 के सम्भावित मरीजों की जांच हेतु आवश्यक **"वी0टी0एम0"** पर होने वाले व्यय की अनुमानित धनराशि।

अतः आपसे अनुरोध है उपरोक्त गतिविधियों का समावेश करते हुये आवश्यकतानुसार जनपद / राज्य स्तर पर धनराशि का व्यय / उपयोग किये जाने का सुसंगत प्रस्ताव अविलम्ब इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि राज्य / जनपद स्तर पर उपरोक्त गतिविधियों हेतु धनराशि अवमुक्त की जा सके।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

(विजय विश्वास पन्त)
मिशन निदेशक
तद्दिनांक

पत्र सं0–25 / COVID-19/ NP / 2019–20 / 50-4

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सादर सूचनार्थ
2. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सादर सूचनार्थ।
3. निदेशक संक्रामक रोग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ, उ0प्र0।

(डा0 अश्विनी कुमार)
महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम